बरेली, शुक्रवार
12 अक्टूबर 2018
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 24

दैनिक जागरण

बेदी और मानस स्थली की धमाकेदार जीत

जासं, बरेली : श्री राममूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट चैंपियनशिप में पहला मुकाबला बेदी इंटरनेशनल स्कूल बनाम सेक्रेडहार्ट हुआ। बेदी स्कूल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने उतरी। सेक्रेडहार्ट के जतिन गौतम और शिवम मिश्रा ने तीन-तीन ओवर के स्पेल में चार-चार विकेट लेकर बेदी स्कूल की टीम को 12.5 ओवर में 65 रनों पर समेट दिया।

जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी सेक्रेडहार्ट स्कूल की टीम ने बिना विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच का खिताब जतिन गौतम के नाम रहा। वहीं, दूसरे मैच में, म[illegible] ाया विहार पब्लिक स्कूल को मानस स्थली पब्लिक स्कूल ने सात विकेट से मात दी। शेख मोहसिन मैन ऑफ द मैच रहे। उन्होंने दो ओवरों में नौ रन देकर दो विकेट अपने नाम किए। साथ ही 18 रनों का भी योगदान दिया। इस दौरान एसआरएमएस के सचिव आदित्य मूर्ति ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। इस दौरान सुभाष मेहरा, संतोष खरे, सोवन मोहंती, मनीष सिंह आदि मौजूद रहे।

क्रिकेट मैच के दौरान शॉट मारने की कोशिश करता बल्लेबाज •